# <u>मेरा तायची वॉक (हकिकत)</u>

हृदय की शक्ती बढानेके लिए मैं Youtube देवी पर नुस्के ढूँढ रही थी.

तब मेरे सामने 'तायची  वॉक'  का ईश्तेहार आया. तकरीबन 10 मिनीट तक विविध प्रश्नावली के जबाव देकर कुछ मिनीट तक मैं पढती रही, 'कृपया इंतज़ार किजीए, हम आपके लिए बेहतरीन कार्यक्रम सारणी बना रहे हैं.' यह वाक्य मैंने कई बार पढा. फिर शब्दोंमें पढा, फिर अक्षरोंमें पढा. मुझे लगा मेरे यंत्रने कार्य करना रुका दिया. उसी पल 'यंत्र-चित्र' बदल गया.

'अभिनंदन' आपके तायची वा ॅक की चित्र स्वरूप कार्यक्रम सारणी तैयार है. डाउनलोड करने हेतू 28 दिनोंके लिए रकम केवल $9.99का भुगतान करे.

मैंने हिसाब किया, एक माह के प्रशिक्षण हेतु ₹950, ठीक है. इसलिए मैंने क्रेडिट कार्ड द्वारा भुगतान करने लगी, तब कार्ड अमान्य का मेसेज आया. मैंने डेबिट कार्ड द्वारा भुगतान किया तब मुझे बैंक की तरफसे दो मेसेजेस आए.

1. आपका खाता डेबिट हुआ.

यहाँ तक तो सबकुछ सही चल रहा था. फिर मैंने WhatsApp और Gmail देखा, वहाँ पर कोई login id का मेसेज नहीं था. मैं सोच रही थी, आगे क्या करना है, उसी पल बैंक की तरफसे दुसरा मेसेज आया, जिसने मेरा तायची वॉक करवाया.

वह दुसरा मेसेज ऐसा था,

2. आपके डेबिट कार्ड क्रमांक 9999 से ₹15000 तक की राशी 'हळक्षज्ञ' कंपनीको दे दी जाएगी. यह ई सूचना 01.02.2032 तक लागू रहेगी.

मैं चौंक गयी. मैंने सिर्फ एक बार भुगतान करना चाहा और कंपनीने 6 साल तक मुझे लुटनेका जाल बिछाया. इस धोखाधडी से बचने के लिए मैं तुरंत जल्दीजल्दी 'तायची वॉक ' करके बैंकमें पहुँची. वहाँ

पुछा तब पता चला कोई ई-सूचना तब तक तैयार नहीं हुई थी, मैंने ईश्वरको शुक्रिया कहा. उस कार्ड को बंद कर दिया और उसके खातेके सारे पैसे दुसरे खातेमें जमा कर दिए.

फिर सुकून से घर आयी. इस भागादौडीमें मेरा वजन एक घंटेमें आधा किलो कम हो गया. और मुझे मेरे हृदय की क्षमता पता चली.

बिनती है की, "महत्वपूर्ण लगे मगर अनजान हो तो कोई व्यवहार ना करे तो बेहतर."

इंटरनेट ने बताया, "मैं जीवनमूल्य नहीं सिखाता मगर शिक्षण व चोरीकी छिपी राहे बता देता हूँ. "

आपके आंतरजालकी हर यात्रा सुरक्षित एवंम सुखद हो...